# अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2024–25

**कक्षा – 7**

**समय : 02:30 घण्टे** **विषय – हिन्दी** **पूर्णांक – 50**

नोट :– सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं तथा प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सामने अंकित हैं।

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

प्र.1 कठपुतली का जीवन था? 1

(अ) संगठित (ब) परतंत्र (स) स्वतंत्र (द) सरल

प्र.2 काका कालेलकर ने नदियों को क्या कहकर पुकारा है? 1

(अ) लोक कथा (ब) लोक गाथा (स) लोक माता (द) लोक विधा

प्र.3 पेड़ का स्वभाव कैसा था? 1

(अ) सरल (ब) चंचल (स) कठोर (द) मिलनसार

प्र.4 एक मुरली का दाम था? 1

(अ) दो पैसा (ब) एक पैसा (स) एक रुपया (द) दो रुपया

प्र.5 ''मोर नाचता है'' रेखांकित शब्द है? 1

(अ) संज्ञा (ब) सर्वनाम (स) क्रिया (द) विशेषण

प्र.6 'कवि' का लिंग परिवर्तित शब्द होगा? 1

(अ) कविरानी (ब) कवयित्री (स) कविनी (द) कविराज

**प्रश्न संख्या 7 से 10 का उत्तर एक पंक्ति में दीजिए –**

प्र.7 मिठाईवाला हर्ष से गद्‌गद् क्यों हो उठा था? 2

प्र.8 लैटर बॉक्स को सभी लाल ताऊ कहकर क्यों पुकारते थे? 2

प्र.9 पिंजरे में बन्द पक्षी अपने पंख क्यों नहीं फैलाते हैं? 2

प्र.10 कठपुतली को गुस्सा क्यों आया? 2

प्र.11 निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए – 2

(अ) सत्य (ब) आकाश (स) मित्र (द) सरल

प्र.12 निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ बताइए। 2

(अ) आग बबूला होना (ब) आँखों का तारा होना

**प्रश्न संख्या 13 से 15 का उत्तर अधिकतम 80 शब्दों में दीजिए –**

प्र.13 यासुकी–चान को अपने पेड़ पर चढ़ाने के लिए तोतो चान ने अथक प्रयास क्यों किया?लिखिए 3

प्र.14 पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन–कौनसी इच्छाएँ पूरी करना चाहते हैं? 3

प्र.15 खिलौनेवाले के आने पर बच्चों की क्या प्रतिक्रिया होती थी? 3

प्र.16 संज्ञा की परिभाषा लिखिए। इसके भेदों को उदाहरण सहित समझाइए? 3

प्र.17 निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 5



अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2024–25

कक्षा – 7

समय : 02:30 घण्टे विषय – हिन्दी पूर्णांक – 50

नोट :– सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं तथा प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सामने अंकित हैं।

बहुविकल्पीय प्रश्न

प्र.1 कठपुतली का जीवन था? 1

(अ) संगठित (ब) परतंत्र (स) स्वतंत्र (द) सरल

प्र.2 काका कालेलकर ने नदियों को क्या कहकर पुकारा है? 1

(अ) लोक कथा (ब) लोक गाथा (स) लोक माता (द) लोक विधा

प्र.3 पेड़ का स्वभाव कैसा था? 1

(अ) सरल (ब) चंचल (स) कठोर (द) मिलनसार

प्र.4 एक मुरली का दाम था? 1

(अ) दो पैसा (ब) एक पैसा (स) एक रुपया (द) दो रुपया

प्र.5 ''मोर नाचता है'' रेखांकित शब्द है? 1

(अ) संज्ञा (ब) सर्वनाम (स) क्रिया (द) विशेषण

प्र.6 'कवि' का लिंग परिवर्तित शब्द होगा? 1

(अ) कविरानी (ब) कवयित्री (स) कविनी (द) कविराज

प्रश्न संख्या 7 से 10 का उत्तर एक पंक्ति में दीजिए –

प्र.7 मिठाईवाला हर्ष से गद्‌गद् क्यों हो उठा था? 2

प्र.8 लैटर बॉक्स को सभी लाल ताऊ कहकर क्यों पुकारते थे? 2

प्र.9 पिंजरे में बन्द पक्षी अपने पंख क्यों नहीं फैलाते हैं? 2

प्र.10 कठपुतली को गुस्सा क्यों आया? 2

प्र.11 निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए – 2

(अ) सत्य (ब) आकाश (स) मित्र (द) सरल

प्र.12 निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ बताइए। 2

(अ) आग बबूला होना (ब) आँखों का तारा होना

प्रश्न संख्या 13 से 15 का उत्तर अधिकतम 80 शब्दों में दीजिए –

प्र.13 यासुकी–चान को अपने पेड़ पर चढ़ाने के लिए तोतो चान ने अथक प्रयास क्यों किया?लिखिए 3

प्र.14 पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन–कौनसी इच्छाएँ पूरी करना चाहते हैं? 3

प्र.15 खिलौनेवाले के आने पर बच्चों की क्या प्रतिक्रिया होती थी? 3

प्र.16 संज्ञा की परिभाषा लिखिए। इसके भेदों को उदाहरण सहित समझाइए? 3

प्र.17 निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 5

हम बहता जल पीने वाले
मर जाएँगे भूखे–प्यासे,
कहीं भली है कटुक निबौरी
कनक–कटोरी की मैदा से।

**अथवा**

ऐसे थे अरमान कि उड़ते
नीले नभ की सीमा पाने
लाल किरण सी चोंच खोल
चुगते तारक–अनार के दाने।

प्र.18 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5

पेड़, खम्भा, लैटरबक्स, पोस्टर इन सबके बीचों–बीच लपक–झपक कर लड़की बचने का प्रयत्न करती है और वह दुष्ट आदमी पीछे–पीछे। होते–होते सभी वस्तुएँ सरकते–सरकते हुए उसके रास्ते में आने लगती हैं। उस छोटी लड़की का संरक्षण करने लगती हैं। धीरे–धीरे इस सारे क्रम का वेग बढ़ने लगता है जिसे ढोलक या तबले की ताल भी मिलती है। लड़की किसी भी तरह उस दुष्ट आदमी के हाथ नहीं लगती। तभी एकदम से कौआ चिल्लाता है।

(अ) उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है? नाम लिखिए।
(ब) लड़की का पीछा कौन कर रहा था?
(स) लड़की कैसे बचने का प्रयास करती है?
(द) कौआ एकदम से क्यों चिल्लाता है?
(य) 'सरंक्षण' शब्द से क्या अभिप्राय है?

प्र.19 अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को आवश्यक कार्य हेतु 2 दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

अथवा

शीतकालीन अवकाश में विद्यालय के शैक्षिक भ्रमण में जाने हेतु अपने पिताजी से रुपये मँगवाने हेतु एक पत्र लिखिए।

प्र.20 निम्न में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए – 5
(अ) हमारा विद्यालय
(ब) दीपावली
(स) पर्यावरण प्रदुषण



हम बहता जल पीने वाले
मर जाएँगे भूखे–प्यासे,
कहीं भली है कटुक निबौरी
कनक–कटोरी की मैदा से।

**अथवा**

ऐसे थे अरमान कि उड़ते
नीले नभ की सीमा पाने
लाल किरण सी चोंच खोल
चुगते तारक–अनार के दाने।

प्र.18 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5

पेड़, खम्भा, लैटरबक्स, पोस्टर इन सबके बीचों–बीच लपक–झपक कर लड़की बचने का प्रयत्न करती है और वह दुष्ट आदमी पीछे–पीछे। होते–होते सभी वस्तुएँ सरकते–सरकते हुए उसके रास्ते में आने लगती हैं। उस छोटी लड़की का संरक्षण करने लगती हैं। धीरे–धीरे इस सारे क्रम का वेग बढ़ने लगता है जिसे ढोलक या तबले की ताल भी मिलती है। लड़की किसी भी तरह उस दुष्ट आदमी के हाथ नहीं लगती। तभी एकदम से कौआ चिल्लाता है।

(अ) उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है? नाम लिखिए।
(ब) लड़की का पीछा कौन कर रहा था?
(स) लड़की कैसे बचने का प्रयास करती है?
(द) कौआ एकदम से क्यों चिल्लाता है?
(य) 'सरंक्षण' शब्द से क्या अभिप्राय है?

प्र.19 अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को आवश्यक कार्य हेतु 2 दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

अथवा

शीतकालीन अवकाश में विद्यालय के शैक्षिक भ्रमण में जाने हेतु अपने पिताजी से रुपये मँगवाने हेतु एक पत्र लिखिए।

प्र.20 निम्न में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए – 5
(अ) हमारा विद्यालय
(ब) दीपावली
(स) पर्यावरण प्रदुषण

GSS
**Page 2**